दिनांक 12.03.2022 को श्री बालाजी इंडस्ट्रीयल इंजिनियरिंग लि० द्वारा स्पंज आयरन प्लांट हेतु वन भूमि (जंगल झाड़ी) अपयोजन प्रस्ताव का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन।

दिनांक 12.03.2022 को अधोहस्तक्षरी द्वारा श्री बालाजी इंडस्ट्रीयल इंजियरिंग लि० स्पंज आयरन प्लांट हेतु समर्पित किये गये वन भूमि (गैरमजरूआ जंगल–झाड़ी) अपयोजन प्रस्ताव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह प्रस्ताव श्री बालाजी इंडस्ट्रीयल इंजियरिंग लि० बड़ाजामदा द्वारा समर्पित किया गया है। यह परियोजना चाईबासा वन प्रमण्डल से संबंधित है। यह स्पंज आयरन प्लांट 2005 से कार्यरत है जिसका कुल रकवा 6.73 हे० है, जिसमें गैर वनभूमि 5.07 हे०, वन भूमि (गैरमजरूआ जंगल–झाड़ी) 1.66 हे० है। प्रस्तावित रकवा 1.66 हे० वनभूमि (गैरमजरूआ जंगल–झाड़ी) के अपयोजन हेतु प्रस्ताव दिया गया है। दिनांक 12.03.2022 को स्थलीय निरीक्षण के समय प्रयोक्ता अभिकरण के प्रतिनिधि श्री अरुण कुमार, निदेशक, श्री सुरेश एवं अन्य कर्मचारी तथा वन क्षेत्र पदाधिकारी, नोवामुण्डी वन प्रक्षेत्र एवं अन्य वन कर्मी उपस्थित थे। चाईबासा वन प्रमण्डल में अपयोजन हेतु आवेदित वनभूमि (गैरमजरूआ जंगल झाड़ी) मौजा बड़ाजामदा के अन्तर्गत है। आवेदित वनभूमि स्पंज आयरन प्लांट के Boundary Wall के अंदर स्थित है तथा वर्तमान में Coal Shed, Iron Ore Dump तथा कर्मचारी आवास इत्यादि कार्य हेतु उक्त वनभूमि (गैरमजरूआ जंगल झाड़ी) का उपयोग किया जा रहा है।

स्थल निरीक्षण के समय ग्रामीणों एव वनकर्मियों द्वारा बताया गया कि प्रस्तावित परियोजना स्थल के नजदीकी वन क्षेत्र में हाथी, भालू, सियार कोटरा (Barking Deer), मोर आदि वन्यप्राणी पाये जाते है। इस परियोजना अन्तर्गत पड़ने वाले वनभूमि के 10 कि०मी० त्रिज्या में कोई राष्ट्रीय उद्यान/वन्यप्राणी आश्रयणी/बाघ आरक्ष इत्यादि अवस्थित नहीं है। परन्तु पश्चिमी सिहभूम जिला अन्तर्गत सभी वनों को सिंहभूम गज आरक्ष के रूप में घोषित किया गया है।

11/05/22

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
चाईबासा वन प्रमण्डल, चाईबासा।